उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.03.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 27.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 27.03.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में बड़ा खाना का किया गया आयोजन, महाकुंभ में ड्यूटी के दौरान अपनी बेहतर सेवाएं देने वाले पुलिसकर्मियों को जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रशास्ति पत्र/प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 26.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा महाकुंभ, भव्य कुंभ, डिजिटल कुंभ के सफलतापूर्वक समापन के उपरांत ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों के जनपद महोबा आगमन पर पुलिस लाइन महोबा में बड़ा खाना का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी महोबा श्री मृदुल चौधरी के आगमन पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया ।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोबा श्री मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों द्वारा एक साथ बैठ कर खाना खाया गया। जिलाधिकारी महोबा द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा को प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

महाकुंभ के सफलतापूर्वक समापन व महाकुंभ में ड्यूटी के दौरान अपनी बेहतर सेवाएं देने वाले पुलिसकर्मियों को जिलाधिकारी महोबा व पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रशास्ति पत्र/प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम पूछकर बेहतर सेवाओं के लिये उत्साहवर्धन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड सहित समस्त थाना प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।